आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिः–11.03.2025

पूर्व मध्य रेल
अधिसूचना

कार्यालय
महाप्रबंधक / कार्मिक
हाजीपुर

सं0- ECR-HQOPERS(MECH)/197/2020 (Compt.No.- 63857)

दिनांक– 10.02.2025

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल सोनपुर, दानापुर, समस्तीपुर, धनबाद एवं डीडीयू	**मुख्य कारखाना प्रबंधक** यांत्रिक कारखाना / पूमरे / समस्तीपुर सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना / पूमरे / हरनौत

विषयः– यांत्रिक विभाग / मुख्यालय / हाजीपुर में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने हेतु विकल्प।

****

प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कार्यालय, पूमरे / हाजीपुर में SSE/Dsl/Mech, Level-7 के 01 रिक्ति एवं SSE/TS/Elect, Level-7 के 01 रिक्ति को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु पूमरे के अंतर्गत सभी मंडलों / यूनिटों SSE/Dsl/Mech, Level-7 एवं SSE/TS/Elect, Level-7 के पद पर कार्यरत कर्मचारियों से विकल्प आमंत्रित किया जाता है। उक्त पदस्थापना की स्थिति में भी कर्मचारियों का लियन एवं वरीयता उनके पैतृक मंडल / यूनिटों में अनुरक्षित रहेगा।

पात्रताः–

1. SSE/Dsl/Mech, Level-7 पद हेतू :– SSE/Dsl/Mech, Level-7 के पद पर नियमित रूप से कम से कम 02 वर्ष की सेवा पूर्ण किए हो एवं मूल रूप में यांत्रिक विभाग / संवर्ग के ही कर्मचारी हो।
2. SSE/TS/Elect, Level-7 पद हेतू :- SSE/TS/Elect, Level-7 के पद पर नियमित रूप से कम से कम 02 वर्ष की सेवा पूर्ण किए हो एवं मूल रूप में यांत्रिक विभाग / संवर्ग के ही कर्मचारी हो।
3. पूर्व मध्य रेल में कार्यरत SSE/Dsl/Mech, Level-7 एवं SSE/TS/Elect, Level-7 के कर्मचारी जिनका लियन / वरीयता पूमरे के किसी मंडल / यूनिट में अनुरक्षित है, वे आवेदन देने के पात्र होंगे।

चयनः–

उपरोक्त पद पर कर्मचारी का समान वेतन लेवल / वेतन पर प्रतिनियुक्ति हेतु चयन एक स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा किया जायेगा एवं कमिटी की अनुशंसा पर प्रमुयाइं महोदय द्वारा निर्णय लिया जोयगा, जो अंतिम माना जायेगा।

(a) आवश्यकतानुसार उपरोक्त प्रतिनयुक्ति हेतु short listed कर्मचारी को प्रशिक्षण हेतु भी नामित संस्थान में भेजा जा सकता है।

(b) उम्र सीमा सामान्यतः 55 वर्ष से कम होनी चाहिए।

(c) कर्मचारी का चयन समान वेतन एवं लेवल (ग्रेड पे) में किया जायेगा।

(d) कर्मचारी का Tenure सामन्यतः 3 वर्षो के लिए होगा जिसे प्रशासनिक आवश्कतानुसार 02 वर्ष बढाया जा सकता है। किसी भी कर्मचारी को उनके पैतृक विभाग / इकाई में बिना किसी नोटिस के वापस करने का अधिकार प्रशासन के पास होगा।

(e) जो भी कर्मचारी जिसे (ग्रेड पे) / पे लेवल एवं वेतन पर वर्तमान में कार्यरत है, उन्हें उसी (ग्रेड पे) / पे लेवल में एवं वेतन पर प्रतिनियुक्त किया जायेगा।

(f) मुख्यालय में पदस्थापना कर्मचारी के विकल्प एवं स्वेच्छा के आधार पर होगी। अतः चयनित उम्मीदवार को किसी भी प्रकार का प्रशासनिक सुविधा देय नहीं होगा, यथा–सीटीजी, स्थानांतरण अवकाश, प्रतिनियुक्ति भत्ता इत्यादि।

Continue.....

अतः अनुरोध है कि इच्छुक कर्मचारी, जो निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों, के विकल्प संलग्न प्रोफॉर्मा (जो सभी प्रकार से पूरा भरा गया हो) में उनके सेवा विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता को सत्यापित करते हुए सूचीबद्ध कर इस कार्यालय में **दिनांक–11.03.2025** तक भेज दें। **अंतिम तिथि–11.03.2025** के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन अग्रसारित करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि उम्मीदवार के विरूद्ध किसी प्रकार का डीएआर/एसपीई/विजिलेंस केस लंबित न हो।

कृपया इस परिपत्र का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये।

संलग्नकः– आवेदन का प्रोफार्मा।

Signed by
Dilip Kumar
Date: 10-02-2025 13:14:54

(दिलीप कुमार)
सकाधि/एमएण्डई
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. महाप्रबंधक(यांत्रिक)/पूमरे/हाजीपुर।
2. मुख्य कारखाना प्रबंधक/पूमरे/हरनौत, समस्तीपुर।
3. मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)/पूमरे/सोनपुर, दानापुर, समस्तीपुर, धनबाद एवं डीडीयू।
4. मंडल रेल प्रबंधक(यांत्रिक)/पूमरे/सोनपुर, दानापुर, समस्तीपुर, धनबाद एवं डीडीयू।
5. सकाधि/एमपीपी/पूमरे/हाजीपुरः– वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

सेवा में
महाप्रबंधक (कार्मिक)
पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर

विषयः– यांत्रिक विभाग/मुख्यालय/हाजीपुर में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने हेतु विकल्प।

संदर्भः– महाप्रबंधक(कार्मिक)/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर के पत्र सं0– ECR-HQ0PERS (MECH)/197/2020 (Compt. No.- 63857) दिनांक–10.02.2025

द्वारा उचित माध्यम

महोदय,

संदर्भित पत्र के आलोक में मैं, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कार्यालय, पूमरे/मुख्यालय/हाजीपुर में SSE/Dsl/Mech, Level-7 अथवा SSE/TS/Elect, Level-7 के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्य करने हेतु विकल्प देता हूँ। मेरा सेवा विवरण निम्नवत है–

Passport size photograph duly attested by Controlling Officer.

1. कर्मचारी का नाम :–
2. पिता का नाम :–
3. वर्तमान पदनाम :–
4. ग्रेड पे/लेवल :–
5. कर्मचारी सं0 :–
6. वर्तमान पद/लेवल में कार्यरत अवधि :–
7. जन्म तिथि :–
8. नियुक्ति तिथि :–
9. शैक्षणिक योग्यता :–
10. वर्तमान कार्यस्थल :–
11. लियन :–
12. डीएआर/एसपीई/विजिलेंस केस की स्थिति, यदि कोई है :–
13. समुदाय (UR/OBC/SC/ST) :–
14. **आवेदित पद (SSE/Dsl/Mech or SSE/TS/Elect)** :–

मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मैं प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कार्यालय, पूमरे/हाजीपुर में पदस्थापना होने की स्थिति में वहाँ कार्य करने के लिए तैयार हूँ तथा मैं स्थानांतरण पर मिलने वाले प्रशासनिक लाभ का दावा नहीं करूंगा/करूंगी, यथा–सीटीजी, स्थानांतरण अवकाश, प्रतिनियुक्ति भत्ता इत्यादि।

दिनांकः–

स्थानः–

आवेदक का हस्ताक्षर

कार्मिक शाखा अधिकारी का हस्ताक्षर,
पदनाम एवं मुहर

नियंत्रित अधिकारी का हस्ताक्षर (कृपया कर्मचारी के डीएआर/एसपीई/विजिलेंस केस से मुक्त होने पर ही अग्रसारित करें।)